**ICMR-National Institute of Malaria Research**
**Field Station, DHS Building, Campal,**
**Panaji, Goa Pin 403 001, India**
**Phone: +91 832 2222 444, 2421 406**
**Email: nimrfugoa@gmail.com**

संदर्भ संख्या.: प्रशासन/एनएचएम/98/21/22 दिनांक: 26.07.2021

# संविदागत पद हेतु रिक्ति अधिसूचना

आईसीएमआर एनआईएमआर-द्वारा नीचे दिए गए अस्थायी प्रौजेक्ट पद के लिए पद के सामने दर्शायी गई अवधि हेतु आईसीएमआर -एनआईएमआर में साक्षात्कार लिखित परीक्षाएं आयोजित की जाएगीं।/अनिवार्य अर्हताएं, अनुभव और आयु मानदंड रखने वाले उम्मीदवार आईसीएमआरएनआईएमआर-, क्षेत्रीय इकाई, रायपुर, छत्तीसगढ़ में वॉक लिखित परीक्षा में / इंटरव्यू-इन-निर्धारित आवेदन भरकरअर्हत ,जन्मतिथि ,ाएं और अनुभव हेतु सहायक दस्तावेजों के साथ नीचे दी गई सूची समयानुसार आईसीएमआर ,राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान-क्षेत्रीय इकाई, रायपुर, छत्तीसगढ़ में उपस्थित हो।

**प्रोजेक्ट शीर्षक: "Bionomics of malaria vectors and their sibling species and their role in malaria transmission in district Dantewada, Chhattisgarh, India".**

**प्रधान अन्वेषक: डॉ. राजू रांझा, वैज्ञानिक 'बी', प्रभारी एनआईएमआर, क्षेत्रीय ईकाई, रायपुर**

**अवधि: 10 माह**

| क्रम. संख्या | पद का नाम | पद/श्रेणी का नाम | वेतन (नियत) रुपये प्रतिमाह | अनिवार्य/ वांछनीय अर्हता एवं अनुभव | आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनुसंधान सहायक | 01(एससी) | रुपये. 31,000/- | **अनिवार्य अर्हता**: विज्ञान / प्रासंगिक विषयों में स्नातक / किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से तीन वर्ष का कार्य अनुभव या संबंधित विषय में स्नातकोत्तर डिग्री।. **वांछनीय अर्हता**: वैज्ञानिक संस्थानों या अनुसंधान संगठनों से रात में मच्छर एकत्रीकरण या कीट विज्ञान कार्य का अनुभव। कंप्यूटर एप्लीकेशन का ज्ञान। | 30 वर्ष |

## वॉक/ इंटरव्यू-इन-व्यक्तिगत चर्चा के लिए समय सारणी

| पद | पंजीकरण और दस्तावेज़ के सत्यापन की दिनांक और समय | पता |
|---|---|---|
| अनुसंधान सहायक | दिनांक 11-08-2021 को 09:30 पूर्वाह्न से 10:30 पूर्वाह्न तक | आईसीएमआर- राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, क्षेत्रीय ईकाई, रायपुर, छत्तीसगढ़ |

**टिप्पणी :**

1. **पंजीकरण और दस्तावेजों के सत्यापन के बाद उसी दिन साक्षात्कार आयोजित किया जाएगा। निर्धारित दिनांक और समय के बाद किसी भी उम्मीदवार को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।**
2. **यदि किसी पद के लिए 30 से अधिक उम्मीदवार हैं, तो लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी और अल्पसूचीबद्ध किए गए उम्मीदवारों हेतु साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा के लिए विचार किया जाएगा।**

## नियम और शर्तें:

1. इच्छुक और पात्र उम्मीदवार निर्धारित आवेदन पत्र (संलग्न) को यथाविधि भर कर प्रत्येक पद के आगे दर्शाए गए दिनांकों को वॉक-इन इन्टरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा के लिए उपस्थित रहें।
2. यहाँ यह उल्लेख किया जाता है कि अपूर्ण आवेदन पत्रों, निर्धारित प्रारूप में नहीं भरे गए एवं बिना सहायक दस्तावेजों वाले आवेदन पत्र को सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
3. शैक्षणिक अर्हता और अनुभव संबंधित विषय/क्षेत्र में और संबंधित प्राधिकरण से मान्यता प्राप्त एक प्रतिष्ठित संस्थान/संगठन से होना चाहिए।
4. अनुभव को न्यूनतम अनिवार्य शैक्षणिक अर्हताओं के पूर्ण होने की दिनांक से गिना जाएगा।
5. वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा के दौरान गलत या असत्य जानकारी प्रस्तुत करने से किसी भी अवस्था में उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
6. **निदेशक के पास आवश्यकता अनुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/ घटाने का अधिकार सुरक्षित है।**
7. **निदेशक, एनआईएमआर के पास बिना कारण बताए किसी भी आवेदन को स्वीकार /अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है और इस मामले में किसी प्रकार का पत्राचार/सिफारिश पर विचार नहीं किया जाएगा।**
8. **निदेशक, एनआईएमआर को वेबसाइट पर विज्ञापित किसी भी पद को भरने या न भरने का अधिकार सुरक्षित है।**
9. उम्मीदवार **आवेदन पत्र के शीर्ष पर परियोजना का नाम** लिखे।
10. भविष्य निधि, छुट्टी यात्रा रियायत, चिकित्सा दावा आदि किसी लाभ पर विचार नहीं किया जाएगा चूंकि पद पूर्ण रुप से अस्थायी आधार पर हैं।
11. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग/एक्समैन/विभागीय उम्मीदवारों सहित प्रोजेक्ट उम्मीदवार को आयुसीमा में छूट भारत सरकार/आईसीएमआर मानदंड के अनुसार स्वीकार्य है। अनारक्षित पद हेतु आयु सीमा में कोई छूट नहीं दी जाएगी।
12. आयु सीमा में छूट एवं अनुभव पर वॉक-इन-इंटरव्यू / व्यक्तिगत चर्चा की दिनांक को विचार किया जाएगा।
13. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा/लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।
14. केवल अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता/अनुभव को पूरा करना चयन की गारंटी नहीं है।
15. सरकारी सेवा/अर्द्ध-सरकारी/राज्य सरकार/केंद्र सरकार के स्वायत्त निकायों में कार्यरत उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू/लिखित परीक्षा/व्यक्तिगत चर्चा के समय अपने नियोक्ता से "अनापत्ति प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करना होगा। अन्यथा, उन्हें लिखित/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
16. समुदाय/जाति प्रमाण पत्रः- ओबीसी श्रेणी के अधीन आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को:, निर्दिष्ट प्रारूप में ओबीसी गैर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र की सत्यापित प्रति प्रस्तुत करनी होगी, जो उचित प्राधिकारी द्वारा वॉक-इन-इंटरव्यू टेस्ट और/या व्यक्तिगत चर्चा की तारीख से एक वर्ष के भीतर जारी किया जाएगा। केवल नॉन क्रीमी लेयर ओबीसी प्रमाण पत्र स्वीकार किए जाएंगे और अन्य प्रमाण पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे|
17. सभी पदों के लिए प्रस्तावित अवधि संविदात्मक हैं।
18. उपरोक्त पदों को पूरी तरह से अस्थायी आधार और अनुबंध के आधार पर भरा जाता है और उम्मीदवार को आईसीएमआर-एनआईएमआर के तहत किसी भी प्रकार के स्थायी रोजगार के लिए दावा करने या किसी अन्य परियोजना में उसकी सेवाओं को जारी रखने का कोई अधिकार नहीं होगा।
19. अल्प सूचीबद्ध और रोजगार के लिए किसी भी प्रकार का बाहरी या आंतरिक दबाव और प्रभाव डालने वाले उम्मीदवारों को अयोग्य मान लिया जाएगा। और उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया से हटा दिया जाएगा।

**20.** अनिवार्य शैक्षणिक अर्हता एवं अनुभव रखने वाले उम्मीदवार वॉक-इन-इंटरव्यू या व्यक्तिगत चर्चा के लिए उल्लेखित पते पर दर्शाई गई दिनांक को वॉक-इन-इंटरव्यू/या व्यक्तिगत चर्चा (जो लागू हो) के लिए निर्धारित समय पर निम्नानुसार उपस्थित रहे:-

21. वॉक-इन-इंटरव्यू/व्यक्तिगत चर्चा के लिए उपस्थित होने वाले सभी उम्मीदवारों को मूल प्रमाण पत्र (1) शैक्षिक योग्यता (2) जन्म तिथि का प्रमाण (3) अनुभव प्रमाण पत्र /प्रशस्ति पत्र (4) पासपोर्ट आकार का स्वयं सत्यापित फोटोग्राफ (5) पहचान प्रमाण(पूर्व आधार/पैन/वोटर आईडी/ड्राइविंग लाइसेंस आदि) (6) सभी दस्तावेजों की स्व सत्यापित प्रतियों का एक सेट।(7)एससी/एसटी/ओबीसी प्रमाण पत्र, यदि लागू हो। (8) उम्मीदवारों को वॉक-इन-इंटरव्यू के समय सत्यापन के लिए सभी मूल प्रमाणपत्र/प्रशस्ति पत्र प्रस्तुत करने होगे।

22. निर्धारित दिनांक/समय के बाद रिपोर्ट करने वाले उम्मीदवारों को साक्षात्कार/व्यक्तिगत चर्चा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं होगी।

23. उपर्युक्त रिक्तियाँ, नोटिस के संबंध में कुछ जोड़/भूल-सुधार केवल www.nimr.org.in वेबसाइट पर जारी किया जाएगा। कोई भी पृथक अधिसूचना प्रेस में जारी नहीं की जाएगी। आवेदकों से अनुरोध है कि कृपया नियमित रूप से वेबसाइट (www.nimr.org.in) देखते रहे और अपने आप को अद्यतित रखें। आईसीएमआर-एनआईएमआर के संबंध में सूचना वेबसाइट https://nimr.icmr.org.in/index.php/notifications/vacancies और https://main.icmr.nic.in/. पर देखी जा सकती है।

**नोटः उम्मीदवारों द्वारा वॉकइन-इन्टरव्यू के लिए निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित रहने के लिए निम्नलिखित निवारात्मक उपायों का कड़ाई से पालन किया जाए ताकि भर्ती प्रक्रिया के दौरान और परिसर के भीतर कोरोना वायरस (कोविड-19) के प्रसार को रोका जा सके।**

क) चेहरे को ढकने के लिए मास्क पहनना अनिवार्य है।

ख) सार्वजनिक एवं कार्य स्थल में थूकना जुर्माना सहित दंडनीय है, जैसाकि राज्य/स्थानीय प्राधिकरण के कानूनों, नियमों या नियामकों के अनुसार निर्धारित है।

ग) सार्वजनिक स्थलों एवं परिवहन स्थलों पर सभी व्यक्तियों द्वारा सामाजिक दूरी का पालन किया जाए।

घ) थर्मल जाँच का प्रावधान, हाथ धोना और सेनिटाइजर सभी प्रवेश एवं निकास बिन्दुओं और सामान्य क्षेत्रों पर किया जाएगा।

ङ) आरोग्य सेतु एप्प का उपयोग अनिवार्य है।

च) एक ही स्थान पर कई लोगों की भीड़ नहीं होनी चाहिए।

छ) जहाँ तक संभव हो उम्मीद्वार अन्य लोगों/उम्मीद्वारों के फोन, डेस्क, कार्यस्थल या अन्य कार्य उपकरण एवं साधनों का उपयोग करने से बचे। उनका उपयोग करने से पहले एवं बाद में साफ एवं विसंक्रमित करें।

ज) कोरिडोर में बिना वजह एकत्रित एवं भीड़ न करें और दूरी बनाए रखे।

**निदेशक**
**आईसीएमआर-एनआईएमआर**

**एनआईएमआर/आईसीएमआर वेबसाइट पर 26.07.2021 को प्रकाशित**